हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 9 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 स्मृतिचिह्न में सिमटी जिले की सदियों पुरानी...



09 खाद के लिए विजयपुर में फिर लगा जाम एफआईआर...



खबर संक्षेप

तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आज

सागर। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार, 9 अगस्त को दोपहर 3 बजे बड़ा बाजार स्थित बी.एस. जैन धर्मशाला में बृहद बैठक आयोजित की जाएगी। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने बताया कि 14 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाली भव्य कावड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। यात्रा में शामिल होने वाले कावड़ यात्रियों की सुविधाओं, भोजन, ठहरने, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की जाएगी। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया, राम अवतार पांडेय एवं शिवशंकर मिश्रा ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, शिवभक्तों तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाले सेवाभावी नागरिकों से बैठक में उपस्थित होकर तैयारियों में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उक्त आशय की जानकारी तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

वर्षायोग चातुर्मास कलश स्थापना समारोह आज

सागर। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक विद्याकुल शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण श्री अभयसागर महाराज ससंघ का वर्षायोग चातुर्मास (2026) का कलश स्थापना समारोह रविवार, 9 अगस्त को दोपहर 1 बजे से भाग्योदय तीर्थ, सागर में आयोजित किया गया है। मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ का यह 27 वां चातुर्मास स्थापना वर्ष है। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के साथ होगी। दोपहर 2 बजे से आचार्य श्री की महापूजन सागर नगर के 50 महिला मंडलों एवं बाहर से आए हुए अतिथियों द्वारा की जाएगी। चातुर्मास समिति ने श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे 9 अगस्त रविवार को आयोजित वर्षायोग चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

परिवहन विभाग का दो दिवसीय विशेष शिविर 10 एवं 11 अगस्त को

सागर। परिवहन आयुक्त, मध्य प्रदेश, ग्वालियर के निर्देशानुसार परिवहन विभाग के लंबित आवेदनों एवं नवीन आवेदनों के तत्काल निराकरण के लिए 10 एवं 11 अगस्त 2026 को कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर परिसर में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आमजन से जुड़ी परिवहन संबंधी विभिन्न सेवाओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विशेष शिविर में वाहनों के स्वामित्व अंतरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, वाहनों का फायनेंस निरस्त एवं दर्ज करने, अन्य राज्यों के वाहनों के पंजीकरण तथा समस्त प्रकार के नवीन वाहनों के पंजीयन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही नवीन स्थायी ड्रायविंग लाइसेंस जारी करने, स्थायी ड्रायविंग लाइसेंस के नवीनीकरण तथा सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के समाधान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित यह शिविर आमजन से जुड़ी सेवाओं के शीघ्र निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर ने आमजनों से अपील की है कि वे 10 एवं 11 अगस्त को आयोजित इस विशेष शिविर में उपस्थित होकर उपरोक्त सेवाओं से संबंधित अपने लंबित एवं आवश्यक कार्यों का तत्काल निराकरण कराएं तथा शिविर का लाभ उठाएं।

गली-गली पहुंचे मंत्री राजपूत, सुनीं जनता की समस्याएं

सुरखी नगर परिषद भवन का लोकार्पण, पांच करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जन-संवाद की मंशा को जमीन पर उतारते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार को सुरखी नगर परिषद क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया। मंत्री गली-गली और घर-घर पहुंचे तथा बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, दुकानदारों और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री राजपूत ने सुरखी नगर परिषद भवन का लोकार्पण किया। साथ ही 5 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा, भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। इनमें सीसी रोड, डब्ल्यूबीएम रोड, पुलिया, नाली, सामुदायिक भवन, फर्श निर्माण और स्वागत द्वार सहित अनेक कार्य शामिल हैं।जनता के बीच पहुंचकर लिया विकास का फीडबैकमंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि जनप्रतिनिधि कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनें और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लें। इसी उद्देश्य से वे सुरखी की गलियों में पैदल भ्रमण कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुरखी उनकी विधानसभा ही नहीं, बल्कि उनका परिवार है। जनता से सीधे मिलना, उनकी समस्याएं सुनना और यह जानना जरूरी है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यालय में बैठकर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का आकलन नहीं किया जा सकता। इसलिए मौके पर जाकर लोगों की समस्याएं सुनना और विकास कार्यों की गुणवत्ता देखना आवश्यक है। इन वार्डों में होंगे विकास कार् यसुरखी नगर परिषद क्षेत्र में घोषित और भूमिपूजन किए गए कार्यों में वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में सीसी रोड, वार्ड 6 में सीसी रोड, वार्ड 9 में सीसी रोड एवं फर्श निर्माण, गोशाला में प्रथम तल पर सामुदायिक भवन, वार्ड 10 एवं 11 में सीसी रोड, मिड़वासा में डब्ल्यूबीएम रोड एवं पुलिया, वार्ड 12 एवं 13 में सीसी रोड तथा विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण शामिल हैं। इसी तरह वार्ड 14 एवं 15 में डब्ल्यूबीएम रोड, पुलिया एवं सीसी रोड तथा विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड के कार्य भी किए जाएंगे। इन कार्यों से बारिश के दौरान जलभराव, कीचड़ और आवागमन की समस्या से नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है।छोटी गलियों से मुख्य मार्ग तक विकासमंत्री राजपूत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल बड़े प्रोजेक्ट तैयार करना नहीं, बल्कि हर मोहल्ले, गली और घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मार्गों के साथ छोटी गलियों में भी सड़क, पुलिया, नाली, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बारिश में जिन रास्तों पर लोगों को परेशानी होती थी, वहां सीसी रोड और पुलिया बनने से बच्चों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।



मंत्री ने कहा कि सुरखी को मूलभूत सुविधाओं से युक्त बनाने के साथ नगर का व्यवस्थित विकास और सौंदर्यीकरण भी प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें, पुलिया, सामुदायिक भवन, स्वागत द्वार, धार्मिक स्थलों के आसपास सुविधाएं और स्वच्छ सार्वजनिक स्थान नगर की सुंदरता बढ़ाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण को नई दिशामंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल-जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार केंद्र की योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारने के साथ विकास और जनसुविधाओं का विस्तार कर रही है।'आपकी समस्या मेरी समस्या'नागरिकों से संवाद के दौरान मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा का प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का सदस्य है। परिवार के किसी सदस्य को परेशानी होती है तो पूरा परिवार उसकी चिंता करता है।



रजत पदक विजेता यामिनी मौर्य का जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने किया सम्मान

सागर। कॉमनवेल्थ गेम जूडो प्रतिस्पर्धा में भारत व मध्य प्रदेश के सागर का नाम रोशन करने वाली यामिनी मौर्या का सम्मान स्वागत व उनके परिवार में माता-पिता का भी सम्मान जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में समस्त कांग्रेस परिवार ने यामिनी मौर्य के निवास पहुंचकर किया। सभी ने भारत माता की जय और यामिनी मौर्य आगे बढ़ो हम आपके साथ हैं के नारे लगाए। महिला कांग्रेस ने पुष्प माला पहनाकर व युवा कांग्रेस ने इंडिया का कैप पहनाकर और जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान यामिनी मौर्य ने अपने इस मंजिल को प्राप्त करने की विस्तार से चर्चा कर संघर्ष की कहानी बताई। उनसे मिलकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि यह गौरव का समय है जो आपके द्वारा सागर जिले को प्राप्त हुआ है इससे पूरा शहर जिला मध्य प्रदेश खुशी प्रकट कर रहा है और शुभकामनाएं दे रहा है कि यामिनी मौर्य जी बहुत आगे बढ़े और देश दुनिया में सागर का नाम रोशन करें। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, आनंद हेला, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ किरण लता सोनी, पार्षद रोशनी वसीम खान, अर्चना कनौजिया, चक्रेश रोहित, आनंद अहिरवार, संजय, ज्योति मलैया सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।



कीटनाशक दुकानों का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार उपसंचालक कृषि सागर के मार्गदर्शन में कृषि विभाग देवरी ने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को उच्च गुणवत्ता की कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा विकासखंड देवरी की कीटनाशक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की टीम ने दुकानों में दवाओं के भंडारण, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री संबंधी दस्तावेजों की सघन जांच की। भारत सरकार द्वारा जुलाई 2026 से पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निरीक्षण दल ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी विक्रेता इस प्रतिबंधित रसायन की बिक्री या भंडारण न कर रहा हो। जांच के दौरान कुछ दुकानों पर अनियमितताएं पाई गईं, जिस पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कीटनाशक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। और निर्देशित किया कि 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में उचित जवाब न मिलने पर दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, किसानों को अमानक या नकली दवाओं और उर्वरकों से बचाने के लिए कीटनाशक और उर्वरकों के सैंपल (नमूने) भी लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है। कृषि अधिकारियों ने विक्रेताओं को केवल मानक और स्वीकृत कीटनाशक ही बेचने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ फसलों में कीटनाशकों के प्रयोग से किसानों को बेहतर परिणाम मिल सकें और उनकी फसल सुरक्षित रहे। निरीक्षण दल में वरिष्ठ कृषि अधिकारी देवरी उमाशंकर प्रजापति, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केसली कमल खरते, कृषि विस्तार अधिकारी प्रभांशु दुबे सम्मिलित थे।



नंगे पैर निकले रावतपुरा सरकार, झोली में मांगी गौमाता के लिए एक रोटी

सागर। गौमाता की मौन पीड़ा को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में गौसेवा के संस्कार को जागृत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक रोटी गाय के लिए' पुण्य अभियान के अंतर्गत आज परम पूज्य श्री रावतपुरा सरकार महाराज श्री सागर में नंगे पैर हाथों में झोली लेकर घर-घर पहुँचे और गौमाता के लिए एक रोटी देने का आग्रह किया।गौमाता अपनी पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकतीं। उनकी मौन आँखें ही उनका निवेदन हैं। इसी मौन पुकार को महसूस करते हुए श्री रावतपुरा सरकार महाराज श्री ने स्वयं समाज के बीच पहुँचकर गौसेवा का संदेश दिया। नंगे पैर, हाथ में झोली और आग्रह सिर्फ एक रोटी का—यह दृश्य लोगों के लिए भावुक करने वाला रहा।अभियान के अंतर्गत आज की सेवा यात्रा काली तिगड्डा स्थित काली मंदिर से प्रारंभ होकर छैल बिहारी मंदिर, बीजासेन मंदिर, गणेश घाट, राधा माधव मंदिर, गणेश मंदिर (खिरका) एवं गंगा मंदिर (रानीपुरा) होते हुए पुनः गणेश घाट स्थित गणेश मंदिर पहुँची। इस दौरान श्री रावतपुरा सरकार महाराज श्री ने विभिन्न स्थानों पर पहुँचकर नागरिकों से आग्रह किया कि अपने घर में बनने वाली पहली रोटी गौमाता के लिए अवश्य निकालें। अभियान का उद्देश्य केवल रोटी एकत्र करना नहीं, बल्कि उस सनातन परंपरा और संस्कार को पुनः जनजीवन का हिस्सा बनाना है, जिसमें भोजन से पहले गौमाता के लिए एक अंश निकाला जाता था।'एक रोटी गाय के लिए' अभियान समाज से एक सरल लेकिन गहरा संकल्प लेने का आह्वान करता है—अपने घर की पहली रोटी गौमाता के नाम। एक रोटी छोटी जरूर है लेकिन किसी मौन जीव के लिए वही सबसे बड़ी सेवा बन सकती है।

तकनीक के बढ़ते अवसर युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे : अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा (खुरई) में मध्यप्रदेश शासन द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में युवा नेता अविराज सिंह ने सहभागिता की। इसके बाद उन्होंने ग्राम तेवरी में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भी सहभागिता की। इस दौरान युवाओं से संवाद करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति है और उसके पास अपने भविष्य के साथ-साथ देश के भविष्य को नई दिशा देने की अपार क्षमता है। जेन-जी के सामने अवसरों की कमी नहीं है, जरूरत केवल अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय को सही दिशा में लगाने की है।



अविराज सिंह ने कहा कि जेन-जी यानी लगभग 1997 से 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी को डिजिटल नेटिव कहा जाता है, क्योंकि इस पीढ़ी ने मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक को अपने जीवन का हिस्सा बनते हुए देखा है। आज देश में करोड़ों युवा इस पीढ़ी का हिस्सा हैं और उनके हाथ में मोबाइल के साथ-साथ दुनिया से जुड़ने, सीखने और अपनी प्रतिभा को सामने लाने के अभूतपूर्व अवसर हैं। लेकिन तकनीक का उपयोग केवल मनोरंजन और समय बिताने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, रोजगार, रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण के लिए होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के कंधों पर युग की कहानी चलती है और इतिहास उसी दिशा में मुड़ता है, जिस ओर जवानी कदम बढ़ाती है।

उन्होंने कहा कि आज का समय दिखावे से अधिक परिणाम देने वालों का है। युवाओं को अपनी ऊर्जा दूसरों से तुलना करने में नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने में लगानी चाहिए। हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है, इसलिए किसी दूसरे की सफलता देखकर स्वयं को कमतर समझना उचित नहीं है। लक्ष्य तय करें, उस दिशा में निरंतर मेहनत करें और अपनी प्रगति का आकलन स्वयं से करें। जो युवा अपने समय और क्षमता को पहचान लेता है, उसके लिए आगे बढ़ने की संभावनाएं बहुत व्यापक हैं। अविराज सिंह ने कहा कि किसी भी काम को शुरू करने से पहले स्वयं से तीन सवाल पूछना चाहिए मैं यह क्यों कर रहा हूं, इसके परिणाम क्या हो सकते हैं और क्या मैं इसे पूरा करने के लिए तैयार हूं? इन सवालों पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही आगे बढ़ना चाहिए। समय का सम्मान सफलता की पहली शर्त है। जो काम आज किया जा सकता है, उसे कल पर टालते रहना असफलता की शुरुआत हो सकती है। युवाओं को अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करनी चाहिए, परिवार, रचनात्मक कार्य और विश्राम के लिए समय निर्धारित करना चाहिए।



असली बहादुरी नशा करने में नहीं, नशे को 'ना' कहने में है : प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता

सागर। पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान 2026' के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में व्याख्यान, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि युवावस्था अपने सपनों को साकार करने का स्वर्णिम समय है। इस उम्र में युवाओं को अपने शरीर, समय और क्षमता को नशे की गर्त में धकेलने के बजाय शिक्षा, खेल, कला, रचनात्मकता और समाजसेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि असली बहादुरी नशा करने में नहीं, बल्कि नशे को दृढ़ता से 'ना' कहने में है। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रज्ञा दुबे ने कहा कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के विचारों, रिश्तों और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। डॉ. रविंद्र ठाकुर ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए चेतावनी दी कि तंबाकू, सिगरेट और गुटखे में मौजूद कैंसरकारी रसायन कोशिकाओं के को नुकसान पहुँचाते हैं, जिससे अनियंत्रित कोशिका वृद्धि के कारण कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी जन्म लेती है। डॉ. शिखा चौबे ने कहा कि नशे का क्षणिक आनंद जीवनभर का दर्द बन जाता है तथा डी.के. नामदेव ने अनमोल जीवन को लक्ष्य की ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। डॉ. रितु त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है और अपनों से साझा नहीं कर पा रहा है, तो वह सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 14446 पर संपर्क कर नशा मुक्ति हेतु उचित परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकता है। अभियान के तहत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में राज आर्यन, अभय अहिरवार व विकिता तिवारी ने तथा निबंध प्रतियोगिता में करण गंधर्व, यशवंत गौड़, शिवांगी प्रजापति, निशा पटेल व दीक्षा पटेल ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपने विचार रखे।

विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष एवं आयुक्त ने पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

जिला अस्पताल से कनेरादेव चौराहे तक डिवाइडर पर हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शनिवार को जिला अस्पताल से कनेरादेव चौराहे तक डिवाइडर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार तथा निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डिवाइडर पर चंपा, पाम एवं गुलमोहर के पौधे लगाए गए। चंपा अपने सुगंधित एवं आकर्षक पुष्पों के कारण वातावरण को सौंदर्य और शीतलता प्रदान करता है। पाम पौधे कम स्थान में भी अच्छी वृद्धि करते हैं तथा सड़क किनारे हरियाली और सजावटी स्वरूप बढ़ाने में उपयोगी माने जाते हैं। वहीं गुलमोहर अपने चमकीले लाल-नारंगी फूलों, घने पत्तों और छायादार स्वरूप के कारण शहरी क्षेत्रों में विशेष महत्व रखता है और सड़क मार्गों को आकर्षक बनाता है।



विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि नगर में 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्षा का क्रम कुछ समय के लिए रुक जाने के कारण वृक्षारोपण कार्यक्रम में थोड़ा विलंब अवश्य हुआ, लेकिन शीघ्र ही लक्ष्य के अनुरूप व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में लगाए गए पौधों को हर प्रकार से पोषित और संरक्षित किया जाएगा तथा यदि कुछ पौधे विकसित नहीं हो पाए, तो उनकी जगह नए पौधे लगाए जाएंगे ताकि हरित अभियान का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल हो सके।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि "वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। वे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, छाया और बेहतर जीवन प्रदान करते हैं। नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी है। नागरिकों की सहभागिता से ही सागर को हरित और स्वच्छ शहर बनाया जा सकेगा।"

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें, ताकि सागर शहर को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें, ताकि सागर शहर को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

कलेक्टर ने दिखाईं अब तक अनछुए हेरिटेज व दुर्लभ पांडुलिपियां, कृष्णा गौर ने पूछा: किस काल की है

स्मृतिचिह्न में सिमटी जिले की सदियों पुरानी विरासत देख जिज्ञासु हुईं प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरती टीकमगढ़ जिले की समृद्ध लेकिन अब तक अपेक्षाकृत अनछुई विरासत जब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भेंट किया तो इस दुर्लभ ऐतिहासिक जानकारी रूपी स्मृतिचिन्ह ने प्रदेश की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर का ध्यान अपनी ओर खींचा। जिले की ऐतिहासिक धरोहरों, दुर्लभ पांडुलिपियों और प्रमुख पर्यटन स्थलों को एक साथ समेटकर तैयार किए गए विशेष हेरिटेज टीकमगढ़ नामक स्मृति चिह्न को जब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रभारी मंत्री को भेंट किया तो वह उसकी विषय-वस्तु को देखकर न केवल प्रभावित हुईं, बल्कि उनकी जिज्ञासा भी बढ़ गई। जिले की प्राचीन विरासत के इस परिचय ने प्रभारी मंत्री को टीकमगढ़ जिले के इतिहास और यहां मौजूद पुरातात्विक धरोहरों की व्यापकता से रूबरू कराया।





एक स्मृतिचिह्न में समाई जिले की हेरिटेज पहचान

दरअसल, हेरिटेज टीकमगढ़ नाम से तैयार किया गया यह विशेष स्मृति चिह्न महज एक स्मृति वस्तु नहीं, बल्कि जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ज्ञान परंपरा को एक साथ प्रस्तुत करने की अभिनव पहल है। ज्ञान भारतम् अभियान के अंतर्गत जिले में शोध, साहित्य, धर्म, अध्यात्म, व्याकरण सहित विभिन्न विषयों पर खोजी गई दुर्लभ पांडुलिपियों तथा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों को इसमें प्रमुखता से स्थान दिया गया है। इस स्मृति चिह्न के माध्यम से टीकमगढ़ की उस विरासत को सामने लाने का प्रयास किया गया है, जो लंबे समय से इतिहास के पन्नों, पुरानी पांडुलिपियों और पुरातात्विक अवशेषों के बीच मौजूद तो रही, लेकिन व्यापक जनमानस के सामने अपेक्षित रूप से नहीं आ सकी।

कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को बताई विरासत की कहानी

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जिला प्रवास के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और ज्ञान भारतम अभियान के नोडल अधिकारी अनुपम दीक्षित ने उन्हें यह विशेष स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले में ज्ञान भारतम अभियान के तहत खोजी गई दुर्लभ पांडुलिपियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इन पांडुलिपियों की खोज से टीकमगढ़ जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को नई पहचान मिली है। इन दुर्लभ दस्तावेजों में शोध, साहित्य, धर्म, अध्यात्म और व्याकरण सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी महत्वपूर्ण सामग्री सामने आई है, जो जिले की प्राचीन ज्ञान परंपरा की समृद्धता को प्रमाणित करती है। उन्होंने प्रभारी मंत्री को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी देते हुए यहां पर्यटन विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

क्या ये चंदेलकालीन है? मंत्री की जिज्ञासा ने खींचा ध्यान

हेरिटेज टीकमगढ़ में प्रदर्शित धरोहरों को देखने के दौरान प्रभारी मंत्री की जिज्ञासा विशेष रूप से उस समय सामने आई, जब उन्होंने धरोहर के कालखंड को लेकर सवाल किया। उन्होंने कलेक्टर श्रोत्रिय से पूछा कि यह धरोहर किस काल की है और क्या यह चंदेलकालीन है। तब कलेक्टर श्रोत्रिय ने उन्हें विस्तार से संबंधित ऐतिहासिक धरोहरो की जानकारी देते हुये बताया कि जिले में खोजी गई अनमोल पाण्डुलिपियों की प्रतिकृतियों से बनाया गए ये स्मृति-चिह्न टीकमगढ़ के बीते गौरव को स्मरण करने का अहसास देंगे। साथ ही उम्मीद है कि आने वाले समय में पीतल के सूविनीयर के साथ साथ पांडुलिपि प्रतीक भी टीकमगढ़ की संस्कृति की सुगन्ध बिखेरेंगे।

मुख्यमंत्री को भी भेंट किया जा चुका है 'हेरिटेज टीकमगढ़'

गौरतलब है कि इससे पूर्व 17 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के टीकमगढ़ भ्रमण के दौरान भी कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा उन्हें यह विशेष स्मृति चिह्न भेंट किया गया था। मुख्यमंत्री ने भी जिले की विरासत, दुर्लभ पांडुलिपियों और पर्यटन स्थलों को एक साथ प्रस्तुत करने वाली इस पहल की सराहना की थी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय के आयुक्त द्वारा भी इस अभिनव पहल की प्रशंसा की गई है। इसके माध्यम से टीकमगढ़ की ऐतिहासिक विरासत और ज्ञान भारतम् अभियान के तहत सामने आई दुर्लभ पांडुलिपियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित-प्रसारित करने का प्रयास किया जा रहा है।

अब प्रदेश से बाहर भी पहुंचेगी टीकमगढ़ की विरासत

कलेक्टर के अनुसार हेरिटेज टीकमगढ़ के कुछ स्मृति चिह्न पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय को भी भेजे जा रहे हैं। इससे जिले की ऐतिहासिक और बौद्धिक विरासत को संस्थागत स्तर पर भी पहचान मिलने की उम्मीद है। हेरिटेज टीकमगढ़ के माध्यम से एक ओर जहां जिले के पर्यटन स्थलों को पहचान दिलाने की कोशिश की जा रही है, वहीं दूसरी ओर दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक धरोहरों को सामने लाकर टीकमगढ़ की ज्ञान, इतिहास और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी और देश-दुनिया के सामने रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कुल मिलाकर प्रभारी मंत्री को भेंट किया गया यह स्मृति चिह्न टीकमगढ़ की पहचान का एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया, जिसने एक ओर जिले की अनछुई विरासत की झलक दिखाई तो दूसरी ओर स्वयं प्रभारी मंत्री की जिज्ञासा को भी जन्म दिया कि आखिर इन धरोहरों की जड़ें किस प्राचीन कालखंड तक जाती हैं।

ग्रामीणों से लिया फीडबैक

214 पंचायतों में भूमिगत ड्रेनेज का नवाचार, कमिश्नर ने परखी व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और बेहतर जल निकासी के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा निरंतर कराए जा रहे नवाचारों का सागर संभागायुक्त अनिल सुचारी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने सागर आईजी मिथलेश शुक्ला के साथ जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुर्राई में स्थापित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम की कार्यप्रणाली, जल निकासी की व्यवस्था और इसके क्रियान्वयन की स्थिति को समझते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

संभागायुक्त सुचारी ने निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के संबंध में उनके अनुभव और सुझाव भी जाने। ग्रामीणों ने उन्हें इस व्यवस्था से गांव में होने वाले लाभों तथा जल निकासी में आ रहे सुधार के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों से मिले फीडबैक के बाद संभागायुक्त ने टीकमगढ़ जिले की 214 ग्राम पंचायतों में अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के रूप में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा कराये जा रहे इस अभिनव प्रयास की सराहना की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और बेहतर जल निकासी की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए इस प्रकार के नवाचार महत्वपूर्ण हैं। ग्राम कुर्राई में ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण करने के बाद संभागायुक्त ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बम्हौरी खास का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से स्कूल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अनुसूचित जाति बालक छात्रावास दिगौड़ा पहुंचकर छात्रावास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। संभागायुक्त सुचारी ने थाना दिगौड़ा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर सहित वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, जिला पंचायत के जिला समन्वयक मनीष जैन, तहसीलदार दिगौड़ा श्रीपत अहिरवार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रामचंद्र अहिरवार की दूसरी पुण्यतिथि पर सेवा कार्य के जरिए दी श्रद्धांजलि

जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

स्वर्गीय रामचंद्र अहिरवार की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला राजेंद्र अस्पताल में सेवा एवं मानवता की मिसाल पेश करते हुए मरीजों को फल वितरित किए गए। पुण्यतिथि पर आयोजित इस सेवा कार्य में उनके परिजनों, शुभचिंतकों और समाजसेवियों ने अस्पताल पहुंचकर जरूरतमंद मरीजों को फल बांटे तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरित किए गए। आयोजनकर्ताओं ने कहा कि पुण्यतिथि केवल किसी दिवंगत व्यक्ति को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके जीवन मूल्यों और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का भी माध्यम है। इसी भावना के साथ स्वर्गीय रामचंद्र अहिरवार की स्मृति में मरीजों की सेवा का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामचंद्र अहिरवार के व्यक्तित्व, व्यवहार और सामाजिक सरोकारों को याद किया तथा उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना और पीड़ित मानवता की सेवा करना समाज के प्रति जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुण्यतिथि पर किया गया यह सेवा कार्य उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। फल वितरण के दौरान मरीजों से आत्मीयता से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर हुकुमचंद अहिरवार, परशुराम अहिरवार, सुरेश अहिरवार, नवल अहिरवार, अंकित चौधरी, सोनू अहिरवार, पवन, हर्ष, इरफान मोहम्मद सहित अन्य समाजसेवी एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से स्वर्गीय रामचंद्र अहिरवार को श्रद्धांजलि देने के साथ ही समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। परिजनों और शुभचिंतकों ने कहा कि उनकी स्मृति को जीवंत रखने के लिए आगे भी इसी तरह के सामाजिक एवं सेवा कार्य किए जाते रहेंगे।

केशवगढ़ पंचायत में शुरू हुआ विशेष स्वच्छता अभियान

मुख्य बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर सफाई, दवा का छिड़काव, ग्रामीणों से की स्वच्छता की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जतारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत केशवगढ़ में तहसीलदार मोहनगढ़ के निर्देश के बाद विशेष स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। तहसीलदार मोहनगढ़ द्वारा 22 जुलाई को ग्राम पंचायत की सरपंच शशि जैन को ग्राम के मुख्य बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 7 अगस्त को पंचायत द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान संचालित कर गांव के प्रमुख स्थानों से कचरा एवं गंदगी हटाने का कार्य कराया गया।

सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि स्वच्छता अभियान शुरू करने में हुई देरी का मुख्य कारण लगातार बारिश और प्रतिकूल मौसम के चलते पर्याप्त मजदूरों की उपलब्धता नहीं होना था। अधिकांश मजदूर कृषि कार्यों में व्यस्त थे। किसानों की फसलों में दवा का छिड़काव, निराई-गुड़ाई सहित अन्य कृषि गतिविधियों के कारण मजदूर उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे, जिसके चलते निर्धारित समय पर सफाई अभियान शुरू नहीं कराया जा सका। मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता होने के बाद 7 अगस्त को सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन स्वयं मौके पर पहुंचे और मजदूरों के साथ मिलकर ग्राम के मुख्य बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान की शुरुआत कराई। अभियान पूरे दिन संचालित हुआ। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जमा कचरा हटाया गया तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर गांव को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया। जगह-जगह उगी खरपतवार एवं गंदगी को समाप्त करने के लिए आवश्यक दवा का छिड़काव भी कराया गया, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बना रहे।





इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीणों से गांव की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने हाथ जोड़कर ग्रामीणों से कहा कि कचरा इधर-उधर न फेंकें और ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए कचरा संग्रहण स्थलों एवं कचरा दानों का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा सफाई अभियान चलाने के साथ ही ग्रामीणों की जागरूकता और सहभागिता भी जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से ही गांव को लंबे समय तक स्वच्छ और सुंदर रखा जा सकता है। पुष्पेंद्र जैन ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से भविष्य में भी नियमित रूप से साफ-सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थानों सहित गांव के अन्य हिस्सों में सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्राम केशवगढ़ स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित वातावरण वाला आदर्श ग्राम बन सके।

दर्जी और वॉशरमैन ट्रेड के साक्षात्कार स्थगित

ललितपुर। जिले के पारंपरिक कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत चल रही साक्षात्कार प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से जारी सूचना के अनुसार दर्जी और वॉशरमैन ट्रेड के साक्षात्कार फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि दर्जी एवं वॉशरमैन ट्रेड के लिए फिर से साक्षात्कार की तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी। उन्होंने संबंधित आवेदकों से अपील की है कि वे आगामी सूचना का इंतजार करें। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत अन्य ट्रेडों में साक्षात्कार प्रक्रिया जारी रहेगी। लोहार, राजमिस्त्री, नाई, बढ़ाई और हलवाई ट्रेड के लाभार्थियों के साक्षात्कार 12 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि संबंधित ट्रेड के लाभार्थी साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

खरगापुर में दिनदहाड़े महिला से लूट का व बम्हौरीकलां में बिजली दफ्तर से चोरी का खुलासा

लूट व चोरी पर पुलिस का शिकंजा, दो थाना क्षेत्रों में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में खरगापुर और बम्हौरीकलां थाना पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में हुई लूट और चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खरगापुर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला से मारपीट कर आभूषण लूटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का अधिकांश माल बरामद किया है, जबकि उसका दूसरा साथी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं बम्हौरीकलां थाना पुलिस ने बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय से चोरी किए गए कंप्यूटर सेट को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं।

दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला से लूट का एक आरोपी गिरफ्तार

खरगापुर नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित जनकपुरी कॉलोनी में 28 जुलाई को दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला से मारपीट कर आभूषण लूटने की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। 45 वर्षीय रामप्यारी लोधी ने खरगापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि सुबह करीब 11:30 बजे दो अज्ञात आरोपी उसके घर में घुसे और उसके साथ मारपीट करते हुए कान के दो सोने के टॉप्स, एक जोड़ी चांदी की पायल और एक चांदी का चूड़ा छीनकर फरार हो गए। लूटे गए आभूषणों की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई थी। शिकायत मिलते ही खरगापुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज, तकनीकी जानकारी और पूछताछ के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। जांच के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी का चूड़ा, एक कान का सोने का टॉप्स तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अब फरार दूसरे आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।



बिजली कार्यालय में चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

दूसरी कार्रवाई बम्हौरीकलां थाना पुलिस ने नगर में बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में हुई चोरी के मामले में की है। खास बात यह रही कि चोरी की वारदात पुलिस थाने के नजदीक स्थित बिजली विभाग के कार्यालय में हुई थी। 6 अगस्त को शिकायतकर्ता हरनारायण अहिरवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर कार्यालय से कंप्यूटर सेट चोरी कर ले गया है। चोरी गए सामान में सीपीयू, मॉनिटर, की-बोर्ड और माउस शामिल थे। शिकायत के आधार पर बम्हौरीकलां पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर मयंक उर्फ मिट्ठू रैकवार, मनमोहन उर्फ राजा रैकवार तथा अमित रैकवार, तीनों निवासी मोहल्ला गांधीगंज मझगुआपुर, जिला झांसी, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया कंप्यूटर सेट बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक यूपी 93 सीई 9384 भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तीनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



पुलिस टीम व तकनीक की रही अहम भूमिका

दोनों मामलों के खुलासे में पुलिस टीमों की सक्रियता और तकनीकी जांच की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खरगापुर कार्रवाई में बलदेवगढ़ थाना प्रभारी चंदन शाक्य, देरी चौकी प्रभारी संदीप सोनी की अहम भूमिका रही। बम्हौरीकलां की कार्रवाई में थाना प्रभारी नीतू खटीक, आकाश रुसिया, साइबर सेल के मयंक नायडू व रहमान खान तथा मुकेश राय सहित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराधियों की धरपकड़ और लंबित मामलों के खुलासे के लिए जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश के बाद थाना स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधों के खुलासे पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

क्वारी नदी पर जाम लगाने से दो घंटे तक थमा रहा यातायात

खाद के लिए विजयपुर में फिर लगा जाम एफआईआर के आश्वासन पर माने किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर में खाद की समस्या को लेकर किसानों ने शुक्रवार के बाद शनिवार को भी जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। शहर के मध्य क्वारी नदी पर बने पुल पर जाम लगाने से आवागमन पूरी तरह रुक रहा। इससे पहले शुक्रवार को भी खाद की समस्या को लेकर किसानों ने जाम लगाया था तब तहसीलदार द्वारा सोमवार को खाद वितरण करने और बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के आश्वासन के बाद जाम खोला गया पर शनिवार को फिर किसान दोगुनी शक्ति के साथ बाजार में एकत्रित हो गए और इस बार क्वारी नदी पुल पर धरना देकर सब कुछ जाम कर दिया। यह जाम तब खुला जब एसडीएम ने संबंधित लापरवाह स्टोर कीपर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जाने का आश्वासन किसानों को दिया।

शनिवार को एकत्रित हुए किसानों ने जमकर नारेबाजी की पहले खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया उसके बाद नारेबाजी करते हुए क्वारी नदी के पुल पर पहुंच गए और वहां धरना देकर जाम लगा दिया। पुल पर धरना देने से यातायात पूरी तरह जाम हो गया 2 घंटे तक पुल के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लग गई। स्कूल से आने जाने वाले बच्चे भी इस जाम में परेशान हुए अधिकारियों ने खूब मान मुनव्वल की लेकिन किसान धरना खत्म करने को राजी नहीं हुए, किसानों की मांग थी कि उन्हें जो टोकन वितरण किए गए हैं उस पर तत्काल खाद दिया जाए। ज्ञात हो कि किसानों को टोकन वितरण करने के बाद खाद नहीं देने से गुस्साए किसानों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय के सामने जाम लगा दिया था तब तहसीलदार मस्तराम गुर्जर द्वारा सोमवार को सभी को खाद वितरण का आश्वासन देकर घर लौटाया गया था पर शनिवार को फिर वही समस्या सामने आ गई इस बार किसान उन अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग पर अड़ गए जिसने कूपन वितरण करने के बाद खाद वितरण नहीं किया। बाद में जिला विपणन अधिकारी स्टोर कीपर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन देने के लिए पहुंच गए। किसान भी एफआईआर दर्ज कराने के आश्वासन पर ही जाम खोलने को राजी हुए। बाद में अधिकारियों सोमवार से खाद वितरण और बिगड़ी व्यवस्था सुधार और अव्यवस्थाओ को दूर करने का अश्वासन दिया।



टोकन वितरण कर स्टोर कीपर हुआ गायब

किसानों का गुस्सा इसलिए अधिक था कि उन्हें टोकन तो वितरण हो गए लेकिन जिस दिन टोकन से खाद उठाव करना था उस समय स्टोर कीपर मौके पर ही नहीं मिला।स्टोर कीपर कूपन वितरण कर दो दिन के अवकाश पर चला गया और विभाग ने किसी और से खाद वितरण कराने की व्यवस्था नहीं की इससे नाराज किसानों ने हंगामा किया। किसानों का कहना था कि जब खाद वितरण नहीं करना था तो फिर उन्हें टोकन क्यों दिया गया टोकन देने के बावजूद खाद वितरण नहीं करने से नाराज किसानों ने दो दिन तक लगातार जाम लगाया इस जाम के बाद अधिकारियों ने छुट्टी का आवेदन देकर गायब हुए स्टोर कीपर के खिलाफ विजयपुर थाने में पहुंचकर एफआईआर कराने के लिए आवेदन दिया।

भीड़ को देख भाजपाई भी हुए आंदोलन में शामिल

किसानों के धरने प्रदर्शन को भाजपा नेताओं ने भी अपना समर्थन दिया। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष शिवम मुदगल ने खुद खाद वितरण करने वाले अधिकारियों को व्यवस्था में खामी पर खूब फटकार लगाई और बाद में अधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर लापरवाह स्टोर कीपर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिलवाया। आए दिन खाद की समस्या को लेकर होने वाले विरोध प्रदर्शन से भाजपा नेता भी नाखुश हैं। उनका कहना है कि अफसरों की लापरवाही के कारण किसान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि सरकार किसान हितेषी कामों को ध्यान में रखकर काम कर रही है।

इनका कहना है...

स्टोर कीपर रवि राजोरिया पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने में आवेदन दे दिया है। सोमवार से खाद्य वितरण पहले उन्हें किया जाएगा जिन्हें टोकन वितरण हो चुके हैं, 7 से 10अगस्त तक के टोकन वितरण किए जा चुके हैं।

सतेंद्र सिंह
जिला विपणन अधिकारी श्योपुर

सरकार मांग अनुसार किसानों को खाद बिजली उपलब्ध करा रही है इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही से किसानों को समय पर खाद बिजली नहीं मिल रही है इससे सरकार की छवि खराब हो रही है हमने ऐसे लापरवाह स्टोर कीपर पर विजयपुर थाना में पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई है।

शुभम मुदगल
भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपुर

गाजे-बाजे के साथ गिरिराज जी महाराज की पैदल यात्रा रवाना

पैदल यात्राः न ही माने मेरो मनवा मैं तो गोवर्धन कूं जाऊं मेरे वीर...

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को श्री गिरिराज जी महाराज की 18 वीं पैदल यात्रा शहर श्योपुर से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। टोड़ी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना और ध्वज पूजन के साथ पदयात्रा रवाना हुई। रामजानकी मंदिर के महंत रामभरोस महाराज तथा भूतेश्वर महादेव मंदिर के संत परमदास उर्फ बालकदास महाराज के सानिध्य में आरंभ हुई इस यात्रा के शुभारंभ अवसर राजनेता व गणमान्य लोग पहुंचे।

टोडी गणेश मंदिर से पैदल यात्रा प्रारंभ होते ही पैदल यात्री टोड़ी बाजार, मुख्य बाजार, गुलंबर चैक, पुराना बसस्टैण्ड, पाली रोड और सलापुरा होते हुए रवाना हो गए। पैदल यात्रा के दौरान पदयात्री में भजनों पर नाचते-झूमते हुए निकले। इस अवसर पर यात्रियों को विदाई देने के लिये बड़ी संख्या में आमजन एकत्रित हुए तथा मार्ग में पैदल यात्रियों का जगह जगह धर्मप्रेमी लोगो के द्वारा स्वागत करते हुए कहीं भोजन तो कहीं चाय नाश्ता दिया गया। पैदल यात्रियों ने राजस्थान की सीमा में स्थित खेडीकुटी आश्रम पर भोजन और रात्रि विश्राम किया। गिरिराज जी महाराज पैदल यात्रा समिति के अध्यक्ष रामलखन नापाखेडली ने बताया कि यात्रा का दूसरा पड़ाव हायरसेकंडरी स्कूल बालेर, तीसरा पड़ाव कैलादेवी, चौथा पड़ाव हिंडोन स्कूल, पांचवा पड़ाव बयाना, छठवा पड़ाव भरतपुर बायपास पर होगा, इसके बाद 14 अगस्त को पैदल यात्रा गोवर्धन पहुंच जाएगी और पैदल यात्री परिक्रमा शुरू कर देगे। परिक्रमा के बाद यही रात्रि विश्राम करेगे इसके बाद 15 अगस्त को गिरिराज जी महाराज पर झंडा चढाकर पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा।



सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने बनाई जागरुक युवाओं की टीम

प्रेमसर में ट्रैफिक पुलिस ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यातायात थाना पुलिस इन दिनों पुलिस कप्तान मोतीउर रहमान के निर्देशन में गांव गांव चौपाललगाकर ग्रामीणों को यातायात नियम तथा सडक सुरक्षा के मद्देनजर जागरूक कर रही है। इसी क्रम में यातायात थाना पुलिस ने श्योपुर कोटा स्टेट हाइवे पर मौजूद ग्राम प्रेमसर के ग्राम पंचायत भवन परिसर में चौपाल आयोजित की।

ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्राम पंचायत प्रेमसर के सरपंच समेत आधा सैकडा के करीब ग्रामीणों को जागरूक करते हुए यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने कहा कि हाइवे किनारे के गांवों में ग्राम चौपाल आयोजित करने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में कमी ले जाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना है। उन्होने कहा कि यदि हम हमारे आसपास घटित होने वाले सडक हादसे में घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचा देते है उस घायल की जान इलाज मिलने पर रक्षा हो सकती है। इसके लिए यहां के ग्रामीण में जागरूकता दिखाए और सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ओवर में अस्पताल पहुंचाकर न केवल राहवीर बने,बल्कि पुरस्कार पाने के हकदार भी बने। क्योंकि ऐसे राहवीर को शासन की ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाता है। यातायात टीआई ने ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने और नशे से दूरी बनाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान 25 जागरूक युवाओ को वॉलिंटियर बनाते हुए उनकी एक टीम गठित की गई। ग्राम चौपाल में सूबेदार अनिल बाथम तथा यातायात थाने का स्टाफ और ग्रामीण मौजूद थे।



दूसरे दिन भी झमाझम बरसे बदरा, फसलों को मिला जीवन, नपा ने भी ली राहत की सांस



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शुक्रवार के बाद शनिवार को भी झमाझम बारिश ने पूरे अंचल को तरबतर कर दिया। बीते दो दिनों से हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी लाने का काम किया। पानी की एक एक बूंद को तरस रहे धान सहित अन्य फसलों के खेत इस बारिश से लबालब भर गए।

इस बार आसमान से रुठे बादलो के चलते किसान और नेता श्योपुर को सूखा ग्रस्त जिला घोषित करने की मांग करने लगे थे लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर मौसम में अचानक परिवर्तन के बाद झमाझम हुई बारिश का क्रम शनिवार को भी जारी रहा दिन के बाद शुक्रवार को रात में भी जमकर बारिश हुई और शनिवार को भी बादल झूमकर बरसे। से इस बारिश ने जहां किसानों के उदास चेहरे पर खुशी लाने का काम किया वहीं आमजन को भी उमस भरी गर्मी से राहत मिली। दरअसल बारिश नहीं होने की स्थिति में उमस भरी गर्मी और तेज धूप से लोग काफी परेशान नजर आ रहे थे, लेकिन को मौसम बदलने के बाद लोगों ने राहत महसूस की। उधर झमाझम बारिश से नगर पालिका ने भी राहत की सांस ली है। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिनों से शहर का भूजल स्तर तेजी से नीचे गिर जाने के कारण नगरपालिका द्वारा पेयजल सप्लाई करने वाली बोर के पाइपो ने पानी का साथ छोड़ दिया है नगर पालिका द्वारा इन दिनों बोर में पाइप उतारने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। नपाध्यक्ष और सीएमओ लोगों से जल की बर्बादी रोकने की अपील कर चुके हैं साथ ही वाहन से पानी व्यर्थ न बहाने की अपील लगातार की जा रही है।

शहर में दिनभर में हुई 30 मिमी बारिश

श्योपुर शहर में शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक 30 मिमी बारिश हुई है। जिसे मिलाकर जिले में औसत बारिश का आंकडा 311.50 मिमी पर पहुंच गया है। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 08 अगस्त की सुबह 8 बजे तक श्योपुर तहसील में 19, बडौदा में 19, कराहल में 18, वीरपुर में 7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसे मिलाकर इस वर्ष 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 311.50 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1083.14 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

सूखे धान के क्यारे भरे पानी से

बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही हैं। इस समय किसानों को धान, सोयाबीन की फसल की सिंचाई के लिए पानी अत्यंत आवश्यकता पड़ रही है। इस बारिश को काफी बेहतर माना जा रहा है। किसानो ने बताया कि, धान और सोयाबीन की फसल के लिए इस पानी की अत्यंत आवश्कता पड़ रही थी अवर्षा के चलते कई किसानों ने तो बुआई और रोपणी के बाद सूख चुकी फसलों को ट्रेक्टर चलाकर खुद उजाड़ दिया ताकि नई फसल की बुआई कर सकें। काफी लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल लगभग सूख चुकी थी। सोयाबीन और उड़द के अंकुरित पौधें धूप के असर से मुरझा गए थे। हालांकि इस बार फ़सल का उत्पादन घटने वाला ही है लेकिन इस बारिश ने किसानों को कुछ राहत जरुर दी है।

सोंईकलां और मानपुर स्कूल में अब होगी कृषि संकाय की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले के दो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कृषि संकाय संचालित करने की स्वीकृति शासन स्तर से मिल गई है। डीईओ यश जैन ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोईकलां एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर में कृषि संकाय के संचालन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कृषि संकाय प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही कृषि शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि आधारित गतिविधियों के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार संबंधित विद्यालयों में कृषि विषय के संचालन की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने जिले के विद्यार्थियों के लिए इसे महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को इससे अपने भविष्य के लिए बेहतर शैक्षणिक विकल्प उपलब्ध होंगे।

8 को कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगा तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ

श्योपुर। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ 18 अगस्त को कर्मचारियो और शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपेगा। इस संबंध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष यदुनंदन गुप्ता ने बताया कि तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत 18 अगस्त को शाम 5:30 बजे कर्मचारियों और शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट प्रदर्शन करते हुए सीएम के नाम ज्ञापन कलेक्टर श्योपुर को सौंपा जाएगा। इसके अलावा जिला स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में अलग से भी कलेक्टर मैडम को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होने जिले के सभी कर्मचारियों सहित शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में ज्ञापन सौपे जाने के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

आवदा थाना पुलिस ने वारंटी तो बरगवां पुलिस ने दबोचा मोटर चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आवदा थाना पुलिस ने जहां दो साल से फरार बने वारंटी को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया है। वहीं बरगवां थाना पुलिस ने मोटर चोरी मामले में फरार बने एक चोर को दबोच लिया है। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि दिनेश सिंह पुत्र तोलीराम निवासी उदयपुर राजस्थान दो साल से एक मामले में फरार होकर स्थाई वारंटी था। जिसे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उदयपुर से अरेस्ट करके श्योपुर न्यायालय में पेश किया। उधर बरगवां थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि ग्राम जाखदा निवासी रामराज रावत की मोटरचोरी मामले में दूसरे आरोपी बंटी पुत्र नंदू जाटव निवासी बरगवां को पकड लिया। इस मामले में तीसरा आरोपी रामवीर गुर्जर फरार है,जिसकी तलाश की जा रही है।

श्योपुर न्यायालय ने 6 साल पुराने मामले में सुनाया फैसला

बैंक से 15 किलो 446 ग्राम सोना चोरी मामले के आरोपी दोष मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वर्ष 2020 में भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन रोड से सवा दो किलो सोना चोरी का जो सनसनीखेज मामला उजागर हुआ था और इस मामले में कोतवाली पुलिस में जिन पांच आरोपियों पर बैंक के लोकरों से सोना चोरी कर बेचे जाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी उनमें से एक आरोपी की मृत्यु के बाद शनिवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए बाकी बचे चारों आरोपियों को दोष मुक्त करार दे दिया है। यह फैसला श्योपुर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बबीता होरा शर्मा की अदालत ने सुनाया है इस मामले में आरोपियों की ओर से पैरवी एडवोकेट योगेंद्र सिंह भदोरिया ने की जबकि बैंक की ओर से शकील कुरेशी वकील थे।

श्योपुर में एसबीआई की स्टेशन रोड स्थित बैंक शाखा के गोल्ड लोन लॉकर से 7.33 करोड़ रुपये कीमत का 15 किलो 446 ग्राम सोना चोरी होने की घटना से हड़कंप मच गया था तब चोरी के शक में बैंक के कैश प्रभारी राजीव पालीवाल एवं अकाउंटेंट रामनाथ ठाकुर को सस्पेंड किया गया था। बैंक में तब 101 लोगों का गिरवी रखा हुआ सोना चोरी होने की बात बताई जा रही थी। बाद में पुलिस द्वारा की गई जांच में कैश प्रभारी राजीव पालीवाल सहित नवीन गुप्ता उसकी पत्नी शालिनी गुप्ता, ज्योति गर्ग एवं रमेश जादौन पर एफआईआर की गई थी पुलिस ने इनके घरों से सवा दो किलो किलो सोना और 14 लाख रुपए बरामद किए थे। करीब 5 साल केस चलने के बाद बैंक के वकील अदालत में यह साबित करने में नाकाम रहे कि बैंक के लॉकर से जो सोना चोरी हुआ है उसमें आरोपी बनाएं चार लोग शामिल थे अथवा उनके घर से जो सोना और जप्त किए गए हैं वह बैंक के लॉकर से निकाला गया हैं अथवा जो 14 लाख रुपए जब्त किए गए हैं वो बैंक का सोना बेचकर एकत्रित किए गए हैं। इस फैसले के बाद आरोपियों को यह अधिकार भी है कि वह अगर चाहे तो उनके घरों से जप्त हुए सवा दो किलो सोना और 14 लाख रुपए वापसी की मांग बैंक प्रबंधन से कर सकते हैं।

लोनिवि करेगा सड़क का निर्माण, बारिश के बाद शुरू होगा निर्माण कार्य

3 करोड 69 लाख रुपए में बनेगी जावदेश्वर से मेवाड़ा तक सड़क, मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जावदेश्वर मेवाडा सडक के जर्जर बने होने के कारण परेशानी भोग रहे क्षेत्रीय ग्रामीणों की यह परेशानी अब जल्द ही मिट जाएगी,क्योंकि अब जावदेश्वर से मेवाडा तक नई सिरे से सडक बनाई जाएगी। जावदेश्वर से मेवाडा तक नई सिरे से बनने वाली सडक पर 3 करोड 69 लाख 79 हजार रूपए की लागत से बनाई जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सडक का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। इसलिए लोक निर्माण विभाग ने शासन से प्रशासकीय स्वीकृति जारी होते ही इस सडक के टेंडर जारी करने संबंधी तैयारियां शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों की माने तो बारिश का मौसम खत्म होने के बाद इस सडक का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा।

यूं तो जावदेश्वर से मेवाडा तक 8 किलोमीटर लंबी सडक पहले से बनी हुई है। लेकिन यह सडक वर्तमान में जर्जर स्थिति में पहुंच गई है। जिसकारण इस सडक से गुजरने वाले लोगो की यात्रा काफी कष्टमय साबित हो रही है। इसलिए क्षेत्रीय लोग इस सडक का निर्माण फिर से कराए जाने की मांग उठा रहे थे। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने इस सडक निर्माण का प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए शासन की ओर से भेजा गया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की माने तो शासन की ओर से जावदेश्वर से मेवाडा तक बनने वाली सडक के निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान करते हुए इसके लिए 3 करोड 69 लाख 79 हजार रूपए की राशि स्वीकृति कर दी है। इसके बाद शासन ने शुक्रवार को जावदेश्वर मेवाडा सडक के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने इस सडक का निर्माण कार्य शुरू कराने संबंधी तैयारी शुरू कर दी है।



600 मीटर के हिस्से में बनेगी सीसी रोड

यूं तो यह पूरी सडक डामरीकृत बनेगी। मगर 600 मीटर के हिस्से में सडक डामर की जगह सीसी से बनाई जाएगी। विभागीय अधिकारियों की माने तो जावदेश्वर से मेवाडा तक आने वाली सडक कुछ हिस्से में बारिश के दौरान डूब क्षेत्र में आ जाती है। जिसकारण यहां डामरीकृत सडक के जल्द खराब होने का अंदेशा रहेगा। इसलिए 600 मीटर के हिस्से में डामरीकृत सडक की जगह सीसी सडक का निर्माण किया जाएगा। ताकि सडक लंबे समय तक सही सलामत रह सके।

3.75 मीटर चौडी बनेगी सड़क,सुगम होगा सफर

जावदेश्वर से मेवाडा तक शासन की ओर से जो सडक मंजूर की गई है,वह सडक 8 किलोमीटर लंबी बनाई जाएगी। बताया गया है कि यह सडक डामरीकृत होगी और सडक की चौडाई 3.75 मीटर रहेगी। शासन से प्रशासकीय स्वीकृति जारी होते ही लोक निर्माण विभाग ने इस सडक निर्माण के टेंडर जारी करने संबंधी तैयारी शुरू कर दी है। जिससे यह उम्मीद बंध गई कि अब सडक का निर्माण कार्य बारिश का मौसम समाप्त होते ही धरातल पर शुरू हो जाएगा और सडक बनने के बाद इस सडक से गुजरने वाले ग्रामीणों का सफर सुगमता भरा हो जाएगा। ग्रामीणों को इस सडक से गुजरने में अब जो परेशानी उठानी पड रही है,वह परेशानी सडक के बनने के बाद नहीं उठानी पडेगी।

इनका कहना..

जावदेश्वर मेवाडा सडक निर्माण कार्य के लिए शासन की ओर से प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। अब सडक का निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी करने संबंधी में तैयारियां शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सडक का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

अनिल कुमार पटेल
प्रभारी ईई,लोक निर्माण विभाग,श्योपुर

मकान मालिक ने किराए से रहने वाली महिला के साथ किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र मे किराए से रहने वाली महिला के साथ मकान मालिक के द्वारा बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। यह मामला करीब दो माह पुराना है, लेकिन इस मामले में एफआईआर विजयपुर थाना पुलिस के द्वारा अब दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि महिला ने उसके पति के बेंगलुरू से लौटने के बाद अब थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला ने अपने पति के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति बेंगलुरू में रहकर मजदूरी का काम करता है और वह एक किराए के मकान में रहती है। मकान मालिक हरिसिंह कुशवाह निवासी मढा ने करीब दो माह पहले मौका पाकर महिला के साथ दुष्कर्म कर दिया। पति के बाहर होने के कारण उस समय महिला ने इस बारे में किसी को नहीं बताया,लेकिन अब पति के बैंगलुरू से लौटने पर उसने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर हरिसिंह के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आने से घायल बैल का गौसेवकों ने किया उपचार



बीना। ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए बैल को गौ सेवा दल समिति के द्वारा रेलवे ट्रैक से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर उपचार किया गया। गौ सेवक राजेंद्र यादव ने बताया स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली थी। बड़ी बजरिया जैन मंदिर के पीछे रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक बैल घायल हो गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर गौ सेवा दल द्वारा घायल बैल का उपचार किया गया एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस मौके पर गौ सेवा दल सदस्य राजेन्द्र यादव, सुमित रैकवार, कान्हा पंजवानी, अरूण सेन, रेलवे कर्मचारी जूनियर इंजीनियर कुलदीप सागर, सुरेन्द्र यादव आदि रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम आकेत निवासी मोहर सिंह आदिवासी के पास से पुलिस ने 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नावनी चक्क निवासी दयाराम बंजारा के पास से 3 लीटर और कचनार पुलिस ने आमखेडा सूखा निवासी गुलाब सिंह कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी रवि चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लीलाबाई और अभिषेक जाटव ने मीटर की रीडिंग लेने की बात पर से मारपीट की और पीओएस मशीन व उसका मोबाइल तोड़ दिया। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी विनेश बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाखन सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हारूखेडी निवासी अभय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय, रामू और सुमित साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

हरियाली महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया

अशोकनगर। लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा दशमेश एग्रो परिसर में हरियाली महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए क्लब के सदस्यों ने विभिन्न पौधे रोपकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन रंजीत सिंह संधूएवं लायन अरविंद जैन का जन्म दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आक्रोश: कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजन, सिविल अस्पताल के सामने किया चक्काजाम

तहसीलदार के ड्राइवर की रंगदारी ने ली क्लीनर की जान, 14 घंटे दबा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बामौर हुर्रा में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हो गया। यहाँ रास्ता भटके एक गेहूँ से लदे ट्रक के पलटने से 22 वर्षीय क्लीनर की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। आरोप है कि यह हादसा तहसीलदार के शासकीय वाहन के ड्राइवर द्वारा की जा रही कथित रंगदारी और विवाद के कारण हुआ। घटना के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया, जिसके बाद चंदेरी शहर छावनी में तब्दील हो गया।

अवैध वसूली का विरोध करने पर घुमा दी स्टीयरिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ट्रक यूपी 94 टी 5488 अशोकनगर से गेहूँ लादकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। रात के घने अंधेरे में ड्राइवर रास्ता भटक गया और ट्रक को लेकर ग्राम बामौर हुर्रा की तरफ जा पहुँचा। इसी दौरान गाँव में तहसीलदार की शासकीय वाहन लेकर घूम रहे ड्राइवर ने ट्रक को रोक लिया। बताया जा रहा है कि तहसीलदार के ड्राइवर ने ट्रक चालक से अवैध रूप से रुपयों की माँग की। जब ट्रक ड्राइवर ने इसका विरोध किया, तो दोनों के बीच तीखी बहस और हाथापाई शुरू हो गई। विवाद के दौरान ही तहसीलदार के ड्राइवर ने जबरन ट्रक के अंदर घुसकर उसकी स्टीयरिंग घुमा दी, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक ढलान की ओर लुढ़कने लगा।

कूदने का प्रयास किया, पर काल बन गया ट्रक

ट्रक को नीचे की तरफ धड़कता (पलटता) देख उसमें सवार क्लीनर रंजीत (22 वर्ष) पुत्र शिशुपाल यादव, निवासी बुन्देडी ने जान बचाने के लिए दरवाजे से छलांग लगाने की कोशिश की। लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और भारी-भरकम ट्रक सीधे उसी के ऊपर पलट गया। युवक का आधा शरीर ट्रक के नीचे बुरी तरह दब गया, जिससे मौके पर ही उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर की चाबी वहीं गिर गई, जिसे वह ढूँढने आया, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश देख वह मौके से भाग निकला। इस दौरान तहसीलदार की गाड़ी की लोगों ने हवा निकाली दी जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश की मौजूदगी में वाहन में हवा भरवाई गई और उसे चंदेरी थाने लाया गया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में घर पर लाया गया वहां से उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस हादसे में जान गंवाने वाले क्लीनर रंजीत यादव और ट्रक चालक आशीष (23 वर्ष) पुत्र मिट्ठू लाल यादव, निवासी तालबेट आपस में ममेरे-फुफेरे भाई हैं। आँखों के सामने भाई की मौत से चालक का रो-रोकर बुरा हाल है।

14 घंटे तक शव निकालने नहीं दिया, छावनी बना चंदेरी

शुक्रवार सुबह होते ही घटनास्थल पर मृतक के परिजन, रिश्तेदार और सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। गुस्साए परिजन दोषी ड्राइवर पर सख्त और ठोस कार्रवाई की माँग को लेकर अड़ गए। प्रशासन ने शव को बाहर निकालने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीनें बुलाईं, लेकिन परिजनों ने शव को उठाने से साफ मना कर दिया। युवक का शव करीब 14 घंटे तक ट्रक के नीचे ही दबा रहा। बढ़ते बवाल को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर एडिशनल एसपी अंतर सिंह कनेश भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। चंदेरी के अलावा ईसागढ़, बहादुरपुर, मुंगावली, सेहराई, कचनार और पिपरई थानों का पुलिस फोर्स तैनात करना पड़ा। अंततः पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को घटनास्थल से दूर खदेड़ा और मशीनों की मदद से शव को कब्जे में लेकर चंदेरी सिविल अस्पताल भेजा। शव अस्पताल पहुँचते ही परिजन फिर आगबबूला हो गए और अस्पताल के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिसे पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए खुलवाया।

सवालों के घेरे में प्रशासन, साहब नदारद, तो सरकारी गाड़ी से वसूली क्यों?



इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे शहर के आम लोग भी असमंजस में हैं। जब गाड़ी में तहसीलदार सवार नहीं थे, तो आधी रात को डेढ़ बजे ड्राइवर सरकारी गाड़ी लेकर ग्रामीण क्षेत्र में क्या कर रहा था? क्या अधिकारियों की नाक के नीचे सरकारी वाहनों का उपयोग अवैध वसूली के लिए किया जा रहा है?

कैमरे से भागते नजर आए एसडीएम

इस संवेदनशील मामले को लेकर जब चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर से चर्चा करनी चाही, तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया। वहीं ऑफ कैमरा उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह विभाग की तरफ से की जाएगी।

जांच शुरू कर दी है

ट्रक अशोकनगर से यूपी की तरफ जा रहा था और रास्ता भटक कर गांव में घुसा था। वहां तहसीलदार के ड्राइवर और ट्रक ड्राइवर के बीच हाथापाई हुई, जिसके दौरान यह दुखद हादसा हुआ। परिजनों को समझा-बुझाकर वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। देर शाम लगभग 6 बजे तहसीलदार के ड्राइवर के खिलाफ एक्सीडेंटल केस (सड़क दुर्घटना) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अंतर सिंह कनेश, एडिशनल एसपी, अशोकनगर

जिला न्यायालय परिसर में किया गया पौधारोपण



अशोकनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर, अशोकनगर में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा एवं समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चंद्रशेखर साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी, न्यायालयीन अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा लीगल डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उल्लासएक अभिनव प्रयोग केवल पौधे लगाने का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित न्यायालय परिसर के निर्माण तथा वृक्षों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

उसी परिसर में बन रहा बच्चों का मध्याह्न भोजन

शासकीय विद्यालय बांसगढ़ में गंदगी: कीड़े मकोड़ों के बीच पढ़ाई करने मजबूर मासूम



करैरा (शिवपुरी)। ग्राम पंचायत बांसगढ़ स्थित शासकीय विद्यालय में बदहाली और भारी अस्वच्छता का चिंताजनक मामला सामने आया है। विद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है और कीड़े-मकोड़े पनप रहे हैं। इसी असुरक्षित और अस्वास्थ्यकर माहौल के बीच मासूम बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। गंभीर बात यह है कि जिस जगह गंदगी पसरी है और कीट-पतंगे घूम रहे हैं, उसी स्थान के समीप बच्चों के लिए दोपहर का खाना (मध्याह्न भोजन) भी तैयार



किया जा रहा है।

ऐसे दूषित वातावरण में बना भोजन खाने से बच्चों के बीमार पड़ने का बड़ा खतरा बना हुआ है, जिससे अभिभावकों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा और स्वच्छता को लेकर किए जा रहे दावों के बीच स्कूल की यह दुर्दशा जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी को दर्शाती है। ग्रामीणों व जागरूक नागरिकों ने संबंधित प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। स्कूल परिसर की अविलंब साफ-सफाई करवाकर व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि बच्चों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।



पीजी कॉलेज में शुरू हुआ 30 दिवसीय प्रशिक्षण

बीना। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया। प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता, संप्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं साक्षात्कार की तैयारी एक सफल करियर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा विद्यार्थियों को गंभीरता पूर्वक इस प्रशिक्षण को प्राप्त करना चाहिए।

प्रशिक्षक अंशुल बबेले ने 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन टीपीओ एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी वंदना चौबे ने किया। कार्यक्रम में डॉ एमएल सोनी, डॉ चेतना शर्मा, डॉ हेमलता गुप्ता, डॉ वीरेंद्र तिवारी, डॉ संजय राय, डॉ गजेंद्र पाठक, सुरेंद्र पंथी, डॉ प्रदीप चौधरी, वीरेंद्र पंथी, धर्मेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

12 गांवों को मिलेगा सिंचाई के लिए पानी

किसानों को बड़ी राहत: विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने लालपुर नहर के गेट खुलवाए

कम बारिश से धान की रोपाई में आ रही थी रुकावट, विधायक ने पूरा किया वादा; किसानों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा



क्षेत्र में इस वर्ष कम बारिश के कारण धान की रोपाई को लेकर परेशान किसानों को शनिवार को बड़ी राहत मिली है। करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने ग्राम लालपुर पहुंचकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में नहर के गेट खुलवाकर पानी छोड़ा। नहर चालू होने से आसपास के करीब 12 गांवों के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। किसानों के अनुसार, इस सीजन में अपेक्षा से कम वर्षा होने के कारण खेतों में पर्याप्त नमी नहीं थी, जिससे धान की रोपाई का काम प्रभावित हो रहा था। फसल बचाने के लिए किसान लगातार नहर खोलने की मांग कर रहे थे। हाल ही में प्रभावित किसान अपनी समस्या लेकर विधायक रमेश प्रसाद खटीक के मंगरौनी स्थित निजी निवास पहुंचे थे और नहर से पानी छोड़े जाने का आग्रह किया था। विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही नहर खुलवाकर पानी पहुंचाया जाएगा।

निरीक्षण के बाद अधिकारियों को दिए निर्देश

दिए गए आश्वासन के क्रम में शनिवार को विधायक रमेश प्रसाद खटीक स्वयं ग्राम लालपुर पहुंचे। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ नहर का बारीकी से निरीक्षण किया और तत्काल गेट खुलवाकर पानी प्रवाहित करवाया।

जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे मौजूद

नहर खोले जाने के अवसर पर हाजीनगर सरपंच नरेंद्र सिंह गुर्जर, बनगांव सरपंच दातार सिंह कुशवाहा, सरपंच सतवंत रावत सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए अनेक किसान व ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। धान की रोपाई के ऐन वक्त पर पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोपाई के समय पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जो अब पूरी हो सकेगी। किसानों ने त्वरित कार्रवाई और वादा पूरा करने पर विधायक का धन्यवाद व्यक्त किया।

भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक बैठक नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, सदस्य विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाकर ही आगामी सभी अभियानों को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने का आह्वान किया।

नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश राष्ट्रभक्ति, सेवा एवं विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम जन-जन की सहभागिता से सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर संगठन की सक्रियता बढ़ाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

बैठक में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि नगर के प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान एवं सार्वजनिक स्थान पर तिरंगा फहराने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिससे राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। इसके साथ ही नगर में आयोजित होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 16 अगस्त को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी मंडल पदाधिकारियों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों को कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला सहकार्यालय मंत्री भूपेंद्र नामदेव, आलेख राय, नंद किशोर चौधरी, अरविंद वरैया , मंशाराम सुंदरानी , प्रहलाद यादव, ज्योति सराफ , कल्पना चौरसिया, ममता रजक, दिलीप जैन, रामबाबू नायक, राकेश सेन, प्रमोद सैनी , आदिश शाह, प्रदीप तिवारी, डब्बू लखेरा, गोविंद तिवारी , लोमस तिवारी, पवन गुलाटी, आशीष वाधवानी, विक्रम वरेले, कमलेश अहिरवार, मयंक जैन सहित नगर मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्रों के पालक एवं संयोजक, समस्त मोर्चों के अध्यक्ष तथा अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

भारत की सबसे बड़ी इक्विटी फंड कैटेगरी ने फ्लेक्सिबल इन्वेस्टिंग को अपनाया

ग्वालियर। आजकल फाइनेंशियल मार्केट पर सिर्फ़ बुनियादी आर्थिक स्थितियों का ही नहीं, बल्कि लिक्विडिटी के बहाव, निवेशकों की सोच और बदलती धारणाओं का भी काफ़ी असर पड़ता है। हालांकि इक्विटी लंबे समय में एसेट्स के सबसे असरदार तरीकों में से एक है और लंबे समय तक अच्छा कंपाउंडिंग रिटर्न दे सकती है, लेकिन निवेशकों के लिए असली चुनौती यह नहीं है कि इक्विटी में निवेश करें या नहीं, बल्कि यह है कि बदलते मार्केट साइकिल के हिसाब से कैसे चलें । लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में पूंजी को जरूरत के हिसाब से लगाने की क्षमता अक्सर लंबे समय के निवेश के नतीजों को तय करती है। फ्लेक्सीकैप फंड इस चुनौती का समाधान बनकर उभरे हैं; ये निवेशकों को इक्विटी मार्केट में बने रहने का मौका देते हैं और साथ ही बदलते आर्थिक और मार्केट हालात के हिसाब से पोर्टफोलियो में बदलाव करने की सुविधा भी देते हैं। फ्लेक्सीकैप फंड की निवेश सोच इस बात पर आधारित है कि मार्केट में लीडरशिप लगातार बदलती रहती है। हर आर्थिक चक्र में नए विजेता सामने आते हैं, और जो कंपनियां विकास के एक दौर में आगे रहती हैं, जरूरी नहीं कि वे अगले दौर में भी दबदबा बनाए रखें। पारंपरिक इक्विटी कैटेगरी के उलट, जिनमें मार्केट कैप के हिसाब से निवेश की सीमा तय होती है, फ्लेक्सीकैप फंड में फंड मैनेजरों को वैल्यूएशन, लिक्विडिटी, कमाई की संभावना और मैक्रो-इकोनॉमिक ट्रेंड्स के आधार पर अलग-अलग सेगमेंट में निवेश बदलने की आजादी होती है।



विकास गुप्ता
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, ग्वालियर

अनिश्चितता के समय में, मैनेजर मज़बूत बैलेंस शीट, स्थापित बिजनेस मॉडल और बेहतर लिक्विडिटी वाली लार्ज-कैप कंपनियों का सहारा ले सकते हैं। जैसे-जैसे आर्थिक हालात बेहतर होते हैं और कमाई में सुधार का दायरा बढ़ता है, वे मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश बढ़ा सकते हैं, जहां विकास के मौके अक्सर ज़्यादा होते हैं। यह लचीलापन और बारीकी से स्टॉक चुनने की प्रक्रिया, फ्लेक्सीकैप फंड को अलग-अलग मार्केट स्थितियों में पूंजी बचाने और लंबे समय में संपत्ति बनाने के बीच संतुलन बनाने में मदद करती है।

निवेशकों ने इसके फ़ायदों को समझा है, जिससे फ्लेक्सीकैप फंड सबसे बड़ा इक्विटी म्यूचुअल फंड सेगमेंट बन गया है और जून 2026 तक इसके तहत मैनेज की जाने वाली एसेट्स (एयूएम) 5.80 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यह कैटेगरी कुल 37.33 लाख करोड़ रुपए की प्योर इक्विटी म्यूचुअल फंड संपत्ति का 15.55% हिस्सा है। अलग-अलग एसेट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा मैनेज की जा रही 45 स्कीमों के साथ, फ्लेक्सीकैप सबसे ज़्यादा प्रतिनिधित्व वाली इक्विटी कैटेगरी में से एक बनकर उभरा है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड इस रणनीति को असल में लागू करके दिखाता है। यह वैल्यूएशन में अंतर, लिक्विडिटी की स्थिति और कमाई की संभावनाओं में बदलाव के साथ लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक में अपने निवेश को लगातार रीबैलेंस करता है। 30 जून 2026 तक, इस स्कीम ने एक साल में 5.09%, तीन साल में 15.39% और शुरू होने के समय (जुलाई 2021) से 14.55% का सीएजीआर दिया।